# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,खण्ड कार्यालय , उ० प्र० जल निगम(ग्रामीण)
औद्योगिक क्षेत्रसंत कबीर नगर। -खलीलाबाद, जनपद,
cdsantkabirnagar@gmail.com -mail I.D:-E, -:mail I.D-E eeruralskngmail.com@,

पत्रांक 658 /M-02 108 दिनांक 24-07-2026

**सेवा में,**

प्रबन्ध निदेशक महोदय,
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

**विषय** – हिन्दुस्तान समाचार पत्र में दिनांक 07.07.2026 को प्रकाशित खबर के सम्बन्ध में।

**महोदय,**



उपर्युक्त विषयक के संबंध में सादर अवगत कराना है कि दिनांक 24.07.2026 हिन्दुस्तान समाचार पत्र में प्रकाशित खबर **"*पड़ोसियों के भरोसे चल रही जिन्दगी, उधार के पानी से बन रहा खाना*"** के संबंध में अवगत कराना है कि वि0ख0- बेलहर कला में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत **(केश-1) कुसरुकला पेयजल योजना** राजस्व ग्राम कुसरु कला, बड़सारी, बड़सा, मिश्रौलिया ग्राम पंचायत पेयजल योजना के अन्तर्गत आता है। जिसमें शिरोपरि जलाशय, पम्प हाऊस , बाउण्ड्रीवाल एवं पाइप लाइन बिछाने का पूर्ण है। हाउस कनेक्शन का कार्य 877 नग के सापेक्ष 850 नग पूर्ण है, शेष कार्य प्रगति पर है। पाइपलाइन टेस्टिंग का कार्य प्रगति पर टेस्टिंग का कार्य पूर्ण कर जलापूर्ति प्रारम्भ करा दिया जायेगा।



**(केश-2) बढ़या पेयजल योजना** के अन्तर्गत राजस्व ग्राम आलमपुर, रसूलपुर, बढ़या ग्राम पंचायत पेयजल योजना के अन्तर्गत आता है। जिसमें ओवरहेड टैंक ,पम्प हाऊस का कार्य अपूर्ण है, बाऊण्ड्रीवाल 90 प्रतिशत पूर्ण है, वितरण प्रणाली का कार्य 8.93 किमी0 के सापेक्ष 8.09 किमी0 तथा हाऊस कनेक्शन का कार्य 398 नग के सापेक्ष 210 नग हाउस कनेक्शन का कार्य पूर्ण कर शेष कार्य प्रगति पर है, कराये गये कार्यो के बीजकों का भुगतान लगभग 01 वर्ष से लम्बित है। जिसके कारण फर्म को आगे कार्य कराने में समस्या हो रही है, अवशेष भुगतान प्राप्त होने पर फर्म द्वारा योजना के शेष कार्यो को अतिशीघ्र पूर्ण करा लिया जायेगा।



**(केश-3) सुनौरा गुमान राई पेयजल योजना** के अन्तर्गत राजस्व ग्राम डुमरिया, सोनौरा गुमान राई, मैनाडाड़, मलौली, ग्राम पंचायत पेयजल योजना के अन्तर्गत आता है। जिसमें ओवरहेड टैंक, पम्प हाऊस एवं बाऊण्ड्रीवाल का कार्य अपूर्ण है, वितरण प्रणाली का कार्य 90 प्रतिशत पूर्ण है तथा 455 नग हाऊस कनेक्शन के सापेक्ष 150 नग हाउस कनेक्शन का कार्य करा दिया गया है योजना पर शेष कार्य प्रगति पर है। शीघ्र ही कार्य पूर्ण कराकर

...पूर्ति प्रारम्भ करा दिया जायेगा। कराये गये कार्यो के बीजकों का भुगतान लगभग 01 वर्ष से लम्बित है। जिसके कारण फर्म को आगे कार्य कराने में समस्या हो रही है, अवशेष भुगतान प्राप्त होने पर फर्म द्वारा योजना के शेष कार्यो को अतिशीघ्र पूर्ण करा लिया जायेगा।



**(केश-4) गलगौली पेयजल योजना राजस्व ग्राम गलगौली, घाघरा, मुनियाँ खुर्द, पीठिया, बरडाड़, भिनरा, पोखर भिटवा** ग्राम पंचायत पेयजल योजना के अन्तर्गत आता है। जिसमें ओवरहेड टैंक, पम्प हाऊस, बाउण्ड्रीवाल का कार्य पूर्ण है। वितरण प्रणाली का कार्य 90 प्रतिशत, । गृह संयोजन का कार्य 738 नग हाउस कनेक्शन के सापेक्ष 438 नग हाउस कनेक्शन का कार्य पूर्ण किया गया है, कराये गये कार्यो के बीजकों का भुगतान लगभग 01 वर्ष से लम्बित है। जिसके कारण फर्म को आगे कार्य कराने में समस्या हो रही है, अवशेष भुगतान प्राप्त होने पर फर्म द्वारा उक्त योजना के शेष कार्यो को अतिशीघ्र पूर्ण करा लिया जायेगा।



**(केश-5) मुण्डेरी रत्नापार पेयजल योजना पर** ओवरहेड टैंक का कार्य 70 प्रतिशत पूर्ण है। पम्प हाऊस, बाउण्ड्रीवाल का कार्य पूर्ण है। वितरण प्रणाली का कार्य 4.5 किमी० के सापेक्ष 3.78 किमी० पूर्ण है। गृह संयोजन का कार्य प्रगति पर है। कराये गये कार्यो के बीजकों का भुगतान लगभग 01 वर्ष से लम्बित है। जिसके कारण फर्म को आगे कार्य कराने में समस्या हो रही है, अवशेष भुगतान प्राप्त होने पर फर्म द्वारा योजना के शेष कार्यो को अतिशीघ्र पूर्ण करा लिया जायेगा।

भवदीय

(महेन्द्र राम)

अधिशासी अभियन्ता

पृ०स० एवं दिनांक तदैव-

प्रतिलिपि- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. जिलाधिकारी महोदय, संतकबीरनगर।
2. मुख्य विकास अधिकारी, संतकबीरनगर।
3. जिला सूचना अधिकारी, संतकबीरनगर।
4. अधीक्षण अभियन्ता, निर्माण मण्डल उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बस्ती।
5. संबंधित सहायक अभियन्ता / जू0इं0।
6. कार्यदायी फर्म जैक्शन (जे०वी०), संतकबीरनगर।
7. कार्यदायी फर्म मेघा इंजीनियरिंग एण्ड इन्फ्रा०लि०, संतकबीरनगर।

अधिशासी अभियन्ता